एम.पी.ए.

# एम.ए (लोक प्रशासन)

## प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य

## 2022—23

एम.ए लोक प्रशासन प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमके लिए

जुलाई 2022 और जनवरी 2023 सत्रों के लिए

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# सत्रीय कार्य
# 2022.2023

प्रिय विद्यार्थी,

आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य अनिवार्य हैं। प्रत्येक सत्रीय कार्य पूरे पाठ्यक्रम पर आधारित है।

सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर आप अपने शब्दों में दें। यह अत्यंत आवश्यक है कि प्रश्न का उत्तर जितने शब्दों में देने के लिए कहा जाए उसका उत्तर लगभग उतने ही शब्दों में दीजिए।

सत्रीय कार्य पूरा करने के बाद आप इसे अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास जमा करें। सत्रीय कार्य जमा करने के बाद इसकी पावती अवश्य प्राप्त कर लें और इसे अपने पास संभाल कर रख लें। अच्छा हो कि आप अपने सत्रीयकार्यों के उत्तर की फोटोकॉपी भी अपने पास रख लें।

सत्रीय कार्यों के उत्तर जाँचने के बाद जाँचे गये उत्तर अध्ययन केन्द्र से आपको लौटा दिए जाएँगे। आप इसकी माँग अवश्य करें। अध्ययन केन्द्र आपके द्वारा प्राप्त अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, दिल्ली को भेज देगा। इसे आपके ग्रेड कार्ड में शामिल कर लिया जाएगा।

**सत्रीय कार्य जमा करना**

आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सत्रांत परीक्षा देने से पहले आप सत्रींय कार्य अवश्य जमा करा दें। इसलिए आपको यह सलाह दी जाती है कि आप इसे दी गई अवधि के भीतर पूरा कर लें। एम.ए. प्रथम वर्ष में आपको कुल मिलाकर 4 सत्रीय कार्य करने हैं। सभी सत्रीयकार्यों की जमा करने की अंतिम तारीख में आपको काफी समय दिया गया है लेकिन आपको हम यह सलाह देना चाहते हैं कि आप अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ.साथ इसे बारी बारी से पूरा करते चलें और इसी हिसाब से आप उसे जमा भी करते जाएँ ताकि आपको अंक, परामर्शदाता की टिप्पणी और मूंल्यांकित सत्रीय कार्य मिलते रहें। सुनियोजित ढंग से योजना बनाकर आप निर्धारित अवधि के भीतर अपने सारे सत्रीय कार्य पूरे कर सकते हैं। सभी सत्रीयकार्यो ं को जमा करने के लिए अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करें क्योकि एक ही साथ सारे सत्रीयकार्यों को हल करना आपके लिए मुश्किल हो जाएगा।

सत्रीय कार्य जमा करना

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 30 अप्रेल 2023 | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |
| जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 31 अक्टूबर 2023 | |

सवालों का जवाब देने से पहले नीचे दिए गए निर्देशो ं को ध्यानपूर्वक पढ़िएः

**सत्रीय कार्य के लिए निर्देश**

इन सत्रीय कार्यों में दो तरह से सवाल पूछे जाएँगेः

1) प्रत्येक विवरणात्मक और निबंधात्मक प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना होगा और प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक निर्धारित होंगे।

2) प्रत्येक लघु श्रेणी प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना होगा और प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित होंगे।

निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखने से आपके लिए उत्तर देना आसान होगाः

**क) नियोजन** : सत्रीय कार्यों को ध्यान से पढ़िए। उन इकाइयों को ध्यान से पढ़िए जिनसे ये सवाल पूछे गए हैं। प्रत्येक सवाल का जवाब देने के लिए कुछ प्रमुख बिन्दुओं को अलग से लिख लें आ`ैर इन्हें तार्किक ढंग से फिर से व्यवस्थित कर लें।

**ख) चयन** : अपने जवाब की रूपरेखा बनाते समय जरूरी बातों का ही उल्लेख करें। उत्तर को विश्लेषणात्मक बनाएँ। निबंधात्मक प्रश्न में प्रस्तावना और निष्कर्ष अवश्य शामिल करें। प्रस्तावना के अन्तर्गत उत्तर के प्रमुख पक्षों को प्रस्तुत करें और यह बताएँ कि आप इस सवाल का जवाब किस तरह से द`ने जा रहे हैं। अपने उत्तर के उपसंहार में मुख्य बिन्दुओं का सार भी दें।

उत्तर देते वक्त इस बात का ध्यान रखें किः

- आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत हो,
- वाक्यों और अनुच्छेद के बीच स्पष्ट संब ंध हो,
- आपकी शैली, अभिव्यक्ति और प्रस्तुति के साथ.साथ आपके उत्तर भी सही हों
- यह चेष्टा करें कि आपके उत्तर शब्द सीमा से अधिक न हों।

**क) प्रस्तुति** : जब आप संतुष्ट हो जाएँ तो सत्रीय कार्यजमा करने से पहले इसे साफ.साफ लिख लें। जिन

बिंदुओं पर आप बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित भी कर सकते हैं।

**घ) व्याख्या** : इतिहास लेखन में व्याख्या एक निंरतर प्रक्रिया है। यह आपकी योजना और चयन में पहले ही अभिव्यक्त हो चुका है। “हो सकता है”, “संभव है”, “हो सकता था”, आदि जैसी व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ खुद बखुद लेखन में व्याख्या के तथ्य शामिल कर लेती हैं। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि इस प्रकार की टिप्पणियों के साथ.साथ आपके उत्तर में इसे पुष्ट करने वाले तथ्य भी शामिल होने चाहिए।

# एम.पी.ए.–11 : राज्य, समाज और लोक प्रशासन

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-011
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2022–जनवरी– 2023
पूर्णांक : 100

इस सत्रीय कार्य में खंड I और II हैं। प्रत्येक खंड में पांच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक है।

### खंड – I

1) वैश्वीकरण के संदर्भ में राज्य की भूमिका का वर्णन कीजिए। 20

2) 'राज्य के स्वरूप को समझने में उदारवादी और मार्क्सवादी दृष्टिकोण बहुत महत्वपूर्ण हैं'। टिप्पणी कीजिए। 20

3) राजव्यवस्था के 'स्वराज' मॉडल पर गांधी के विचारों का परीक्षण कीजिए। 20

4) सामाजिक समानता की अवधारणा को परिभाषित कीजिए और नागरिकों की लोक प्रशासन में भागीदारी के बदलते मानदंडों पर चर्चा कीजिए । 20

5) जेंडर मुद्दों के सामान्य मापदंडों का विश्लेषण कीजिए । 20

### खंड – II

6) नीति निर्माण में नौकरशाही की भूमिका की चर्चा कीजिए। 20

7) विकासशील देशों पर वैश्वीकरण के प्रभाव को उजागर कीजिए। 20

8) 'समकालीन नौकरशाही प्रतिमान वेबेरियन प्रतिमान से बहुत अलग है'। टिप्पणी कीजिए। 20

9) भारतीय संदर्भ में सुशासन की पहल का वर्णन कीजिए। 20

10) लोक प्रशासन में नैतिक संदर्भ के महत्व पर चर्चा कीजिए। 20

# एम.पी.ए.—12 : प्रशासनिक सिद्धांत

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-012**
**सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2022—जनवरी— 2023**
**पूर्णांक : 100**

इस सत्रीय कार्य में खंड I और II हैं। प्रत्येक खंड में पांच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक है।

### खंड –I

1) लोक प्रशासन और निजी प्रशासन के बीच अंतर और समानता पर चर्चा कीजिए। 20

2) प्रशासनिक सिद्धांत की उत्पत्ति और विकास का वर्णन कीजिए। 20

3) वैज्ञानिक प्रबंधन सिद्धांत की दिशा में एफ.डब्ल्यू. टेलर के योगदान का विश्लेषण कीजिए। 20

4) संगठन को परिभाषित कीजिए तथा इसके प्रकारों तथा प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 20

5) मानव व्यक्तित्व पर क्रिस आर्गिरिस के विचारों और एक संगठन के कामकाज पर मानव व्यक्तित्व के प्रभाव पर प्रकाश डालिए। 20

### खंड – II

6) 'डगलस मैकग्रेगर के विचार उनके सिद्धांत एक्स और सिद्धांत वाई में अंतर्निहित हैं'। विस्तार कीजिए। 20

7) 'चेस्टर बर्नार्ड ने संगठनों के अध्ययन में एक नया आयाम जोड़ा'। टिप्पणी कीजिए। 20

8) खुली प्रणाली दृष्टिकोण पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

9) डेविड ईस्टन और चेस्टर बर्नार्ड के व्यवस्था दृष्टिकोण के विचारों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। 20

10) प्रथम और द्वितीय मिनोब्रूक सम्मेलनों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 20

# एम.पी.ए.-013 लोक प्रणाली प्रबंधन

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-013**
**सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2022–जनवरी– 2023**
**पूर्णांक : 100**

इस सत्रीय कार्य में खंड I और II हैं। प्रत्येक खंड में पांच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक है।

## सत्रीय कार्य I

1) लोक प्रणाली प्रबंधन के स्वरूप और कार्यक्षेत्र की जांच कीजिए। 20 अंक

2) लोक प्रणाली प्रबंधन पर सूचना और संचार प्रौद्योगीकि की (आई सी टी) सक्षम पहलों के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए कुछ केस अध्ययनों का वर्णन कीजिए। 20 अंक

3) शासन के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए। 20 अंक

4) शासन में विधायिका की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 20 अंक

5) बजट बनाने के महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों पर एक टिप्पणी लिखिए। 20 अंक

## सत्रीय कार्य II

6) सामरिक प्रबंधन में महत्वपूर्ण विचारधाराओं का वर्णन कीजिए। 20 अंक

7) परियोजना प्रबंधन के जीवन चक्र के विभिन्न चरण होते हैं, व्याख्या कीजिए। 20 अंक

8) महत्वपूर्ण अनुक्रियता व्यवस्थाओं की चर्चा कीजिए। 20 अंक

9) जवाबदेही के बदलते दृष्टिकोण का परीक्षण कीजिए। 20 अंक

10) परिवर्तन प्रबंधन के मॉडलों का विश्लेषण कीजिए। 20 अंक

# एम.पी.ए.–14 : मानव संसाधन प्रबंधन

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-014
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2022–जनवरी– 2023
पूर्णांक : 100

इस सत्रीय कार्य में खंड I और II हैं। प्रत्येक खंड में पांच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक है।

### भाग–I

1. सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन को परिभाषित कीजिए तथा उसके उपागमों पर प्रकाश डालिए। 20 अंक

2. मानव–शक्ति नियोजन की प्रक्रिया और पहलुओं का विवरण कीजिए। 20 अंक

3. प्रदर्शन मूल्यांकन के मुख्य उद्देश्यों की चर्चा कीजिए। 20 अंक

4. कार्य मूल्यांकन पर एक टिप्पणी लिखिये। 20 अंक

5. पूर्व विन्यास को परिभाषित कीजिये एवं उसके मार्ग–दर्शी सिद्धांतों तथा प्रमुख मुद्दों का विश्लेषण कीजिए। 20 अंक

### भाग–II

6. प्रबंधन विकास से आप क्या समझते हैं? प्रबंधन विकास के उपागमों की चर्चा कीजिए। 20 अंक

7. क्षमता निर्माण के महत्त्वपूर्ण चरणों की व्याख्या कीजिए, तथा उसके उद्देश्यों को उजागर कीजिए। 20 अंक

8. पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन को परिभाषित कीजिए। 20 बंक

9. सामूहिक मोल–तोल के उद्देश्यों तथा प्रक्रिया की चर्चा कीजिए। 20 अंक

10. अनुशासन के न्यायिक दृष्टिकोण पर एक टिप्पणी लिखिए। 20 अंक